समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# हिमाचल मे कोविड अलर्ट जारी, मास्क अनिवार्य; IGMC मे 150 ऑक्सीजन बेड तैयार।

Publisher
Published on 04 Jun 2025



## कोरोना मामलों मे बढ़ोतरी के चलते स्वास्थ्य विभाग ने जारी की सख्त एडवाइजरी, अस्पताल परिसरों मे मास्क पहनना अनिवार्य।

**हिमाचल प्रदेश :** हिमाचल प्रदेश में कोविड-19 संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी के कारण स्वास्थ्य विभाग ने **तत्काल अलर्ट** जारी किया है। प्रदेश के सभी **सरकारी अस्पताल परिसरों मे मास्क पहनना अब अनिवार्य** कर दिया गया है। **इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (IGMC), शिमला मे कोविड मरीजों के लिए 150 ऑक्सीजन युक्त बेड** वाले विशेष वार्ड की स्थापना की गई है ताकि संभावित मरीजों का प्रभावी इलाज किया जा सके।

### मास्क पहनना होगा अनिवार्य

स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी के अनुसार, अस्पताल में मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों को भी मास्क पहनना अनिवार्य है। **बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर बीमारियों** से ग्रस्त लोगों को विशेष सावधानी बरतने और मास्क पहनने की सख्त सलाह दी गई है। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर **सोशल डिस्टेसिंग** का कड़ाई से पालन करने का निर्देश भी जारी किया गया है।

### IGMC मे कोविड वार्ड तैयार, 24 घंटे डॉक्टर उपलब्ध

**IGMC के डिप्टी मेडिकल सुपरिटेडेंट डॉ. प्रवीण एस. भाटिया** ने बताया कि अस्पताल में **कोविड** की स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अस्पताल में 24 घंटे चिकित्सकों की टीम उपलब्ध है, साथ ही **कोविड टेस्टिंग किट** और दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। मरीजों को खांसी, बुखार या जुकाम जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराने की सलाह दी गई है।

**स्वास्थ्य विभाग की सख्त निगरानी और निर्देश**

स्वास्थ्य विभाग ने सभी अस्पतालों को **ऑक्सीजन प्लांट, ICU सुविधाएं** और **टेस्टिंग किट** की उपलब्धता सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं। प्रदेश के **मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO)** और **अस्पताल प्राचार्यों** को लगातार स्थिति की समीक्षा करते रहने को कहा गया है। आम जनता से भी अपील की गई है कि वे कोविड से बचाव के लिए मास्क पहनें, भीड़-भाड़ से बचें और लक्षण मिलने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsoever.